# Cyber Crime Police Station Gorakhpur
# Cybercrime Uttar Pradesh

Reserve Police Lines Gorakhpur campus, Gorakhpur, Uttar Pradesh Pin- 273001

## प्रेस नोट साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन जनपद गोरखपुर दिनांक 06-11-2025

### साइबर ठगी/धोखाधड़ी के संगठित अपराध का पर्दाफाश — नगद ₹23,100/- माल मुक़दमाती एवं 06 अदद मोबाइल फ़ोन (अपराध में प्रयुक्त) बरामद, कुल 05 नफ़र अभियुक्त गिरफ़्तार

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद गोरखपुर के निर्देशन में, पुलिस अधीक्षक नगर व पुलिस अधीक्षक अपराध के मार्गदर्शन में व प्रभारी निरीक्षक साइबर अपराध थाना गोरखपुर के नेतृत्व में उ0नि0 **दुर्गेश कुमार सिंह** मय टीम एवं **SOG/SWAT** टीम की संयुक्त टीम द्वारा *म्यूल खातों के माध्यम से बड़े पैमाने पर साइबर फ्रॉड की रकम की* हेर-फेर करने वाले गैंग का खुलासा कर **05 अभियुक्तों** को **बिस्मिल पार्क,** से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के कब्जे/निशानदेही पर **₹23,100/- नगद** तथा **06 अदद मोबाइल फ़ोन** (अपराध में प्रयुक्त) बरामद किया गया । गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध साइबर थाना पर मु0अ0सं0 42/2025 **धारा 3(5), 61, 111(1), 241, 317, 318(4) BNS** एवं **आईटी एक्ट की धारा 66C/66D** पंजीकृत किया गया । अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**घटना का संक्षिप्त विवरण-**

दिनांक **05/11/2025** को रात्रि में मुखबिर की सूचना पर साइबर अपराध थाना एवं SOG/SWAT टीम द्वारा **बिस्मिल पार्क** में घेराबंदी कर बैठे हुए संदिग्धों को हिकमत-अमली से हिरासत में लिया गया। मौके पर बरामद मोबाइल फ़ोनों की प्रारम्भिक इलेक्ट्रॉनिक जाँच में **विदेशी व्हाट्सएप नम्बर, TRC-20 USDT वॉलेट एड्रेस, UTR/बैंक एंट्री, UPI हैंडल्स** तथा **म्यूल खातों** के माध्यम से बड़े लेन-देन के साक्ष्य प्राप्त हुए । उपरोक्त अभियुक्तों से सम्बन्धित अपराध में प्रयुक्त किये गये धनराशि लगभग तीन करोड दस लाख रुपये व तीन लाख USDT साइबर अपराध में लेनदेन की गयी हैं ।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम व पता-**

1. **आदिल शफीक** पुत्र मोहम्मद शफीक, नि. जमुनियाबाग, शीशेवाली मस्जिद के पास, थाना गोरखनाथ, गोरखपुर
2. **शैलेश चौधरी** पुत्र विनोद चौधरी, नि. सिंधड़िया, प्रज्ञापुरम कॉलोनी फेज-4, थाना कैंट, गोरखपुर
3. **शुभम राय** पुत्र संतोष राय, नि. दिव्य नगर विस्तार, थाना कैंट, गोरखपुर; मूल नि. ग्राम दूधई, थाना बसुनपुरा, कुशीनगर
4. **विशाल गुप्ता** पुत्र राकेश गुप्ता, नि. बक्शीपुर, हाउस नं. 272, थाना कोतवाली, गोरखपुर
5. **अनुज साहू** पुत्र स्व0 राजेन्द्र साहू, नि. माया बाजार, थाना कोतवाली, गोरखपुर

**आपराधिक इतिहास-**

**अभियुक्त शैलेश चौधरी** पुत्र विनोद चौधरी, नि. सिंधड़िया, प्रज्ञापुरम कॉलोनी फेज-4, थाना कैंट, गोरखपुर के विरुद्ध महाराष्ट्र के नवी मुम्बई थाना अन्तर्गत मु0अ0सं0 34/25 धारा 66सी, आईटी एक्ट पंजीकृत है तथा उक्त अभियुक्त के 03 अन्य खाते में भी पहले से ही फ्रिज/लीन लगा हैं । जो की उपरोक्त गिरोह का मुख्य सरगना हैं ।

**बरामदगी**

- **नगद ₹23,100/- (माल मुक़दमाती)** — अभियुक्तों की जेब तलाशी से समेकित
- **06 अदद मोबाइल फ़ोन ( घटना में प्रयुक्त)**
-

**प्राथमिक पूछताछ/Modus Operandi (संक्षेप)-**

☐ अभियुक्त **शैलेश चौधरी पुत्र विनोद चौधरी** अपने साथियों के नाम पर **Mule Bank Accounts** खुलवाता था। इन खातों में साइबर फ्रॉड से प्राप्त धनराशि मंगाकर, बैंक/ATM के माध्यम से नगद निकालता तथा अपने सहयोगियों के माध्यम से उसे **USDT (क्रिप्टो करेंसी)** में परिवर्तित कराता था, जिसके एवज में **05–10% कमीशन** प्राप्त करता था।

☐ अभियुक्त **आदिल शफीक पुत्र मोहम्मद शफीक** द्वारा विभिन्न **NGO के नाम पर Current Account** खोलकर साइबर फ्रॉड से प्राप्त धनराशि अपने खाते में मंगाई जाती थी, जिसे बाद में नकद निकालकर गैंग को सौंपता था (Cash-out).

☐ अभियुक्त **अनुज साहू पुत्र स्व० राजेन्द्र साहू** ने अपने **मछली व्यापार** के नाम पर करंट खाता खुलवाकर उसी का उपयोग साइबर अपराध से अर्जित धनराशि के **Cash-out** के लिए किया।

☐ गैंग संगठित तरीके से **Mule Bank Accounts / UPI IDs** प्राप्त कर साइबर ठगी से आए धन को **अलग-अलग खातों में ट्रांसफर**, नकद परिवर्तित कर आगे भेजते थे।

☐ नकद धनराशि को **USDT (TRC-20 डिजिटल करेंसी)** में बदलकर **हवाला चैनलों** के माध्यम से विदेश स्थित नियंत्रकों को भेजा जाता था।

☐ अभियुक्त **शुभम राय पुत्र संतोष राय एवं विशाल गुप्ता पुत्र राकेश गुप्ता** शैलेश से प्राप्त नकद राशि को अपने अन्य संपर्कों के माध्यम से **USDT में कन्वर्ट** कराते थे।

☐ अब तक की विवेचना में **₹70.54 लाख**+ की साइबर फ्रॉड से जुड़ी वित्तीय गतिविधियाँ ट्रेस की गईं, जिनमें से **₹9,60,000/- राशि खाते में फ्रीज़** पाई गई है।

☐ बरामद चैट/दस्तावेज़ों में **उच्च-मूल्य के लेन-देन**, विदेशी व्हाट्सएप नम्बर, डिजिटल वॉलेट एड्रेस (TLbuG…, TDsB…, TYzp…, TSuq…) तथा विभिन्न बैंक खातों (जैसे **Team of Tutors**) के उपयोग की पुष्टि हुई है।

☐ साक्ष्यों से स्पष्ट है कि यह गिरोह **Cash → Crypto (USDT) → Hawala → विदेश** मॉडल पर कार्य करता था।

**गिरफ्तारी/बरामदगी की टीम-**

**साइबर अपराध थाना, जनपद गोरखपुर**

- उ0नि0 **दुर्गेश कुमार सिंह**
- हे0का0 **उपेन्द्र सिंह**, (साइबर कमाण्डो)
- हे0का0 **राजू कुमार**,
- का0 **दीपचन्द भारती**

**साइबर कमाण्डो उ0नि0 उपेन्द्र कुमार सिंह, गोरखपुर जोन ।**

**SOG/SWAT टीम जनपद गोरखपुरः**

- उ0नि0 **राजमंगल सिंह** (प्रभारी)
- हे0का0 **अरुण खरवार**,
- हे0का0 **करुणापति तिवारी**,
- का0 **राजेन्द्र कुमार**,
- का0 **प्रिन्स कुमार राय**